# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/1033।
दिनांक : 02.02.2021 12

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**विषयः— विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आदेश/निर्देशों का वेबसाइट से अवलोकन करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

जैसे कि आप विदित ही है कि इन दिनों विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं के प्रवेश प्रक्रिया/परीक्षा का कार्य चल रहा है एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम भी घोषित किये जा रहें है, और सत्र भी प्रारम्भ हो रहा है। ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर महाविद्यालय/संस्थानों को अनेकों आदेश/निर्देश दिये जाते है जो अनुपालन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जाते है। संज्ञान में आया है कि महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट को प्रतिदिन अवलोकित नही किया जाता है, जिसके कारण महाविद्यालय/संस्थानों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों की जानकारी ससमय नहीं दी जाती । इस कारण छात्र/छात्राओं को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है, यह अत्यन्त खेद का विषय है और मा0 कुलपति जी ने इसको गम्भीरता से लिया है।

अतः उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार सभी महाविद्यालय/संस्थानों को यह आदेश/निर्देश दिये जाते है कि प्रतिदिन कम से कम तीन बार विश्वविद्यालय की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करने का कष्ट करें, तथा साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा जो भी आदेश/निर्देश दिये जाते है उनको अपने महाविद्यालय के सूचनापट् पर आवश्यक रूप से लगाते हुये छात्र/छात्राओं को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें । जिससे विश्वविद्यालय से जारी आदेशों का अनुपालन किया जा सके तथा महाविद्यालय/संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना न करना पडें।

भवदीय,

12-02-2021

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :—**

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. प्रभारी, वेबसाइट
04. प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव